दिन– शुक्रवार दिनांक– 23 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने एक अप्रैल से शुरू हो रहे जनगणना के पहले चरण के दौरान नागरिकों से पूछे जाने वाले तैंतीस प्रश्नों की सूची जारी की।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का दूसरा चरण सत्ताईस जनवरी से होगा शुरू। यात्रा के पहले चरण के तहत आज मुजफ्फरपुर जिले को देंगे कई सौगात।

03. छत्तीसगढ़ के बलोदाबाजार जिले में इस्पात कारखाने में हुई दुर्घटना में बिहार के छह श्रमिकों की मौत।

04. और, बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का त्योहार आज देश और प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

केंद्र सरकार ने जनगणना के पहले चरण के दौरान नागरिकों से पूछे जाने वाले तैंतीस प्रश्नों की सूची जारी कर दी है। यह चरण एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। पहले चरण में घरों की सूची तैयार की जाएगी, इसके लिए प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की ओर से निर्धारित तीस दिनों की अवधि में अभियान चलाया जाएगा। यह चरण तीस सितंबर तक जारी रहेगा। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

सर्वेक्षण के दौरान जनगणना अधिकारी घर के स्वामित्व की स्थिति, घर के उपयोग, फर्श और छत में प्रयुक्त सामग्री का प्रकार, कमरों की संख्या तथा परिवार के मुखिया के लिंग के बारे में जानकारी मांगेंगे। इसके बाद अधिकारी घर के उपयोग, उसकी स्थिति और सदस्यों की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। नागरिकों से उनके घरों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं के बारे में भी पूछा जाएगा। इनमें लोगों से पीने के पानी का मुख्य स्रोत, रोशनी का मुख्य स्रोत, शौचालय की उपलब्धता तथा प्रकार, अपशिष्ट जल निकासी, स्नान सुविधा और रसोई की उपलब्धता, एलपीजी और पीएनजी कनेक्शन तथा खाना पकाने के लिए उपयोग किया जाने वाला मुख्य ईंधन के बारे में भी जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना कर्मी रेडियो, टेलीविजन, इंटरनेट सुविधा, लैपटॉप, कंप्यूटर, टेलीफोन, मोबाइल फोन, स्मार्टफोन जैसे गैजेट, वाहन के प्रकार, घर में उपभोग किया जाने वाला मुख्य अनाज तथा जनगणना संबंधी संचार के लिए मोबाइल नंबर के बारे में भी जानकारी एकत्र करेंगे। नागरिकों के पास तीस दिनों के गृह सूचीकरण अभियान शुरू होने से ठीक पहले पंद्रह दिनों की अवधि में स्व–गणना करने का विकल्प भी उपलब्ध होगा।जनगणना दो चरणों में आयोजित की जा रही है। अप्रैल से सितंबर तक घरों का सूचीकरण और आवास जनगणना तथा फरवरी दो हजार सत्ताईस में व्यक्तियों की गणना होगी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज मुजफ्फरपुर जिले में आठ सौ तिरेपन करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्‌घाटन और शुभारंभ करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री इस दौरान एक सौ चौरानवे करोड़ रूपये की लागत वाली नवासी योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार दो सौ बारह करोड़ रुपये की लागत वाली सैंतालीस योजनाओं का उद्‌घाटन भी करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री चार सौ सैंतालीस करोड़ रुपये की लागत वाली छत्तीस योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री श्री कुमार का जनसंवाद का भी कार्यक्रम है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत स्थानीय सांसद और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

---

मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा का दूसरा चरण सत्ताईस जनवरी से शुरू होगा। मंत्रिमंडल सचिवाल ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत श्री कुमार सत्ताई जनवरी को मधुबनी, अट्‌ठाईस को दरभंगा और उनतीस जनवरी को समस्तीपुर जिले की यात्रा करेंगे। पहले चरण के तहत मुख्यमंत्री सोलह जिलों की यात्रा पर हैं।

---

उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली—ईआरएसएस के तहत तैनात डायल एक सौ बारह के चालकों की सेवा अवधि एक साल बढ़ाई गई है। साथ ही इनका मानदेय भी पच्चीस हजार से बढ़ाकर तीस हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। श्री चौधरी ने बताया कि इसके अलावा इन्हें चार हजार रुपये वार्षिक वर्दी भत्ता भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईआरएसएस परियोजना के संचालन के लिए चालक सिपाही और चालक हवलदार के नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। भर्ती और प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी होने तक कार्य को सुचारू रखने के लिए सेना से सेवानिवृत चालकों के सेवा विस्तार को स्वीकृति दी गयी है।

---

छत्तीसगढ़ के बलोदाबाजार जिले में इस्पात कारखाने में हुई दुर्घटना में छह श्रमिकों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। सभी मृतक बिहार के गयाजी के बताए जा रहे हैं। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने बताया कि हादसे के शिकार लोगों के परिवारों से संपर्क किया जा रहा है। इधर, प्राप्त जानकारी

के अनुसार यह घटना कारखाने के धूल नियंत्रण कक्ष में विस्फोट के कारण हुई। जिला प्रशासन ने घटना की जांच के लिए मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। दुर्घटना के बाद प्रशासन ने इस्पात संयंत्र सील कर दिया है।

———————————————————————

पटना में सीबीआई की टीम ने एक दर्जन ठिकानों पर छापेमारी कर रेलवे परियोजना में घूसखोरी के बड़े गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में निजी कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप सिंह, सहायक महाप्रबंधक गौरव कुशवाहा, अकाउंटेंट आकाश पात्रा और धीरज विरमानी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, पूर्व मध्य रेलवे निर्माण विभाग से जुड़े मुख्य अभियंता अनिल कुमार सहित ग्यारह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। छापेमारी के दौरान पैंतालीस लाख रुपये नकद बरामद किये गए हैं। गिरफ्तार चारों अभियुक्तों को सीबीआई की विशेष अदालत नें सात दिनों की रिमांड पर सीबीआई को सौंप दिया है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की सुरक्षा बढ़ाकर जेड श्रेणी की कर दी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गयी है।

———————————————————————

संस्कृति मंत्रालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक सौ उनतीसवीं जयंती के उपलक्ष्य में आज से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पराक्रम दिवस–दो हजार छब्बीस का आयोजन कर रहा है। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन और विरासत से जुड़े देश भर के तेरह अन्य स्थानों पर भी यह उत्सव मनाया जाएगा। यह उत्सव उनके साहस, बलिदान और देशभक्ति की अमर विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। मंत्रालय ने बताया कि इस उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनियां और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा एक नाटक की प्रस्तुति शामिल है। इस अवसर पर आगंतुकों को द्वीपीय व्यंजनों के समृद्ध मिश्रण का अनुभव करने और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की पारंपरिक हस्तशिल्प का प्रदर्शन देखने का अवसर मिलेगा। यह उत्सव इस माह की पच्चीस तारीख तक चलेगा।

———————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पराक्रम दिवस पर नेताजी को भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। हमारे अररिया संवाददाता ने बताया है कि जिला मुख्यालय स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भव्य प्रतिमा स्थल पर जिला – प्रशासन की ओर से समारोह का आयोजन किया जाागा।

————————————————————————

बसंत पंचमी का त्योहार आज देश और प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा, आस्था और पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———म्यूजिक——

माघ शुक्ल पंचमी का यह दिन ज्ञान, विवेक, कला और संगीत की देवी सरस्वती की उपासना का दिन है। इसे श्रीपंचमी भी कहते हैं। इस अवसर पर बच्चों का विद्यारंभ कराने की परंपरा है। श्रीपंचमी से ऋतुराज वसंत के आगमन की आहट मिलने लगती है और प्रकृति एक नया रूप धारण करती है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रदेशभर में कई अयोजन किये जा रहे हैं। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि मां सरस्वती की प्रतिमा के साथ विभिन्न पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इधर, इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। विसर्जन के दौरान जुलूस निकालने और डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही गंगा नदी में आज और कल निजी नावों के परिचालन पर भी रोक लगायी गयी है।

———म्यूजिक——

————————————————————————

प्रदेश में एक करोड़ छप्पन लाख राशन कार्ड लाभुकों का ई–केवाईसी अभी तक नहीं हुआ है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सभी जिलों को पंद्रह फरवरी तक संबंधित लाभार्थियों का ई–केवाईसी कराने का निर्देश दिया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सभी लाभुकों का आधार सीडिंग ई–केवाईसी कराना अनिवार्य है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच–प्रगति ने अपनी पचासवीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पहल को वर्ष दो हजार पंद्रह में शुरू किया था। यह केंद्र सरकार के साथ ही राज्य सरकारों को एक ही डिजिटल मंच पर साथ लाता है। प्रगति एक दशक से अधिक समय से, निर्णय लेने की प्रक्रिया को तेज करने, प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान करने और जवाबदेही की मजबूत संस्कृति को बढाने में सहायक हुई है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम जयपुर–सीकर–चूरू गेज रूपांतरण परियोजना पर एक नजर डाल रहे हैं।

–––रिपोर्ट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

कांग्रेस पार्टी ने आज नई दिल्ली में बिहार के सभी सांसदों और विधायकों की बैठक बुलाई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी इस बैठक में शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम और विधान परिषद में पार्टी के नेता मदन मोहन झा के अलावा प्रदेश से पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सांसद, सभी छह विधायक और विधान पार्षद मौजूद रहेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

औरंगाबाद और रोहतास जिले की सीमा पर बारुण थाना क्षेत्र में स्थित एनएच–उन्नीस के सोन पुल पर मरम्मत कार्य के लिए पांच दिन तक वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान वाहनों का परिचालन पुराने पुल से होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुल के ज्वाइंट सस्पेंशन में आई खराबी के कारण निर्माण कंपनी ने मरम्मत कार्य के लिए इस संबंध में जिला प्रशासन को सूचना दी है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल के पूर्व एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार पर विभागीय कार्यवाही चलेगी। उन पर आरोप निर्धारित कर दिये गए हैं। गृह विभाग की आरक्षी शाखा ने ज्ञापन जारी कर निलंबित एसडीपीओ से एक पखवाड़े के अंदर लिखित जवाब मांगा है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया से लूट की साजिश रचने के आरोपी सरपंच समेत चार लागों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बेतिया एसडीपीओ रजनीश कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के अरियरी प्रखंड क्षेत्र के वर्षा गांव से पुलिस ने संगठित साइबर ठग गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में चार नाबालिग पाए गए हैं। ये सभी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और अन्य सरकारी योजनाओं में लोगों को लाभ देने के नाम पर ठगी का काम कर रहे थे।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.........

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के तहत सीवान में दिये गए बयान को सुर्खी बनाते हुए लिखा है– श्वेत क्रांति से बिहार में आएगी समृद्धि।

हिन्दुस्तान ने लिखा है – नेपाल–बंगाल सीमा पर आईजी बॉर्डर तैनात होंगे।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है – छह हजार एक सौ बीस निजी स्कूलों ने नहीं बताया कितने गरीब बच्चों को सीट देंगे।

प्रभात खबर की सुर्खी है – बिल पास कराने को रेल अफसरों को घूस देने जा रहे चार गिरफ्तार।

आज अखबार ने लिखा है – नीट छात्रा की मौत मामले में हॉस्टल मालिक की जमानत अर्जी खारिज।

राष्ट्रीय सागर लिखता है – गणतंत्र दिवस पर भारत पर्व में बिहार की झांकी, मखाना का संदेश, लोकल से ग्लोबल तक।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने एक अप्रैल से शुरू हो रहे जनगणना के पहले चरण के दौरान नागरिकों से पूछे जाने वाले तैंतीस प्रश्नों की सूची जारी की।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का दूसरा चरण सत्ताईस जनवरी से होगा शुरू। यात्रा के पहले चरण के तहत आज मुजफ्फरपुर जिले को देंगे कई सौगात।

03. छत्तीसगढ़ के बलोदाबाजार जिले में इस्पात कारखाने में हुई दुर्घटना में बिहार के छह श्रमिकों की मौत।

04. और, बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का त्योहार आज देश और प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।